अण्डमान निकोबार
द्वीप समाचार

रजि.न.34300/80 संख्या 166 श्री विजय पुरम, मंगलवार, 23 जून 2026 web: dt.andamannicobar.gov.in 2.00 रूपए

किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह

कार निकोबार, 22 जून आईसीएआर–कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके), सीआईएआरआई, निकोबार द्वारा खेत बचाओ अभियान–2026 के तहत 1 से 30 जून, 2026 तक ननकौड़ी उप–मंडल के छोटा एनाका ग्राम स्थित सामुदायिक भवन में किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 50 किसानों ने भाग लिया, साथ ही कृषि विभाग, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग, मत्स्य विभाग, बीडीओ कार्यालय ननकौड़ी, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (एटीएमए), स्वास्थ्य विभाग तथा जनजातीय परिषद के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ केवीके, निकोबार के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संतोष कुमार द्वारा स्वागत भाषण के साथ किया गया। उन्होंने खेत बचाओ अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सतत कृषि पद्धतियों, उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने और किसानों की आजीविका को सशक्त बनाने के महत्व पर ज़ोर दिया।

मुख्य वक्तव्य कमोर्टा के मुख्य जनजातीय कप्तान (सीटीसी) श्री चार्ल्स द्वारा दिया गया। उन्होंने किसानों को विकासात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा निकोबार द्वीपसमूह में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों के लाभ के लिए कृषि आदान वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कृषि कार्यों में सुधार और खेतों की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिभागियों को नारियल पर चढ़ने की मशीनें तथा उच्च गुणवत्ता वाले बीज सहित आवश्यक कृषि आदान वितरित किए गए।

कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन ननकौड़ी के सहायक आयुक्त श्री क्षितिज ज्ञानराज सा द्वारा किया गया। उन्होंने जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से किसान समुदाय तक पहुंचने के लिए आईसीएआर–केवीके के प्रयासों की सराहना की।

प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि विशेष संबोधन जनजातीय परिषद के सचिव श्री पिलग्रिन तथा छोटा एनाका के प्रथम कप्तान श्री मोसेस द्वारा दिए गए। उन्होंने कृषि विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया और किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों तथा सरकार समर्थित प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का समापन केवीके के एसएमएस डॉ. अजमल एस. द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह कार्यक्रम श्री विजय पुरम स्थित आईसीएआर–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान (सीआईएआरआई) के निदेशक डॉ. जय सुंदर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।